6 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 8/6/2025 10:21 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 7 अगस्त 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 बुड़ार आंगनबाड़ी की हालत खराब, नौनिहाल परेशान




# पूर्व डिप्टी सीएम के कोठीघर में चोरों का धावा, पीतल का हाथी ले गया चोर

**अंबिकापुर।** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के कोठी घर में चोरों ने धावा बोला है। चोर कोठी के मुख्य द्वार पर लगे पीतल के हाथी की विशाल मूर्ति ले गया। चोरी की यह घटना परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है लेकिन फिलहाल चोर का सुराग पुलिस नहीं लगा पाई है। अधिकारी इस मामले में जांच करने की बात कह रहे हैं। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के कोठी घर के मुख्य द्वार पर पीतल के दो हाथी की मूर्तियां रखी हुई थी। जिसका वजन लगभग 15 किलोग्राम है। बताया जा रहा है कि 3 से 4 अगस्त की दरमियानी रात चोर कोठी घर में घुस आया और एक पीतल की मूर्ति उठाकर फरार हो गया। बड़ी बात यह है कि मुख्य द्वार के पास सुरक्षा कर्मी तैनात रहते हैं लेकिन इसके बाद भी चोर परिसर में घुस आया। अब इस घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें कोठी घर में पीछे पैलेस की ओर से एक संदिग्ध युवक प्रवेश करता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि चोर पीछे के रास्ते से शेष पेज 4 पर

## 15 किलो वजन की मूर्ति चोरी, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### नागरिक सुरक्षा हो प्राथमिकता में :अमरजीत

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के घर में हुई चोरी के लिए कानून व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता का मकान भी सुरक्षित नहीं है तो फिर पूरे प्रदेश का क्या होगा। श्री भगत ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच हो और दोषियों को बिना किसी राजनीतिक दबाव के गिरफ़्तार किया जाए।सभी वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा जाए।



### चल रही है जांच

कोठीघर में चोरी की शिकायत मिली है। मामले में अपराध दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच चल रही है।

-अमलोक सिंह ढिल्लो एएसपी



## एनएच 343 पर पस्ता के समीप स्थिति खराब

# जर्जर गड्ढों को भरने डाला बोल्डर अब टायर फटने से फंस रहे वाहन



एनएच के दलदल में फंसा ट्रक।





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। दलदल में तब्दील हो चुकी सड़क पर बड़े बड़े बोल्डर और मुरुम डालकर छोड़ दिया गया और अब यही बोल्डर वाहनों के टायर फटने का कारण बन रहे है। एनएच पर कुछ ही घंटों में 6 ट्रकों के टायर फट गए। टायर फटने से वाहनों के पहिए कीचड़ में धंस गए और एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि फंसे हुए वाहनों को निकालने में भी ठेकेदार की ओर से कोई मदद नहीं किया जा रहा है।

**खास बात**

- दलदल में तब्दील हुई सड़क, पलपल लग रहा जाम

अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 की हालत काफी दयनीय हो चुकी है। पहले से जर्जर एनएच पर बारिश के समय भारी वाहनों के आवागमन से बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। इन गड्ढों के कारण यात्री बसों ने अपने मार्ग परिवर्तित कर दिए है और लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एनएच पर 2 लेन सड़क निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया हो चुकी है और बारिश के बाद अधिकारी काम शुरू कराने की बात कह रहे है लेकिन इसके पहले सड़क को चलने योग्य बनाने और मरम्मत का कार्य ठेकेदारों को करना है लेकिन इस कार्य में ठेकेदार मनमानी कर रहे है। सड़क पर बने गड्ढों को भरने के लिए छोटी गिट्टी, मुरुम का मटेरियल डाला जा रहा है लेकिन अधिक बारिश और भारी वाहनों के दबाव के कारण गिट्टी बह जा रहे है। वहीं सड़क पर मुरुम-मिट्टी डालने के कारण भारी वाहनों के लगातार वाहनों के आवागमन से दलदल जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। पस्ता के स्थानीय नागरिक अरुण गुप्ता ने बताया कि विगत कई दिनों से जर्जर सड़क हम सबके लिए परेशानी का सबब बन गई है। राष्ट्रीय राज्य मार्ग गड्ढों से भर गया है प्रतिदिन गाड़ियां फंस रही है परंतु इसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी एवं ठेकेदार गड्ढों को भरने में लापरवाही बरत रहे हैं।



### बोल्डर डालकर छोड़ा

राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढों व दलदल से मुक्ति दिलाने के लिए ठेकेदार ने गड्ढों को बड़े बड़े बोल्डर और मुरुम डालकर भर दिया गया लेकिन बोल्डर और मुरुम भरने के बाद इसपर रोड रोलर चलाकर बराबर नहीं किया गया। यही वजह है कि बारिश और कीचड़ के कारण ट्रकों और अन्य वाहनों के पहिए कीचड़ में धंस जा रहे है और मुरुम के नीचे मौजूद बोल्डर के कारण टायर फट रहे है। यही इनमें बोल्डर के बाद मिक्स मटेरियल डालकर ऊपर से रोलर चला दिया गया होता तो इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होती लेकिन ठेकेदार मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है।

### तीन घंटे में दो बार लगा जाम

एनएच 343 पर इतने बड़े गड्ढे हो गए है कि बाइक से अथवा पैदल चलना भी अब मुश्किल हो गया है। सबसे बुरी स्थिति बलरामपुर और राजपुर के बीच ग्राम पस्ता में है। एनएच पर बुधवार को 6 ट्रकों के टायर उड़ गए। इसके साथ ही सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो बार जाम की स्थिति निर्मित हुई। टायर फटने के कारण भारी भरकम ट्रक कीचड-दलदल में फंस जा रहे है जिससे अन्य वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति पिछले कई दिनों से बनी हुई है। बड़ी बात तो यह है कि वाहनों के फंसने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जेसीबी व हाइड्रा के माध्यम से वाहनों को निकालकर आवागमन बहाल करा रही है जबकि यह काम भी ठेकेदार को करना है। ठेकेदार की ओर से फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए गए है।

### दिया गया है निर्देश

ठेकेदार ने बोल्डर डाल दिया था। ठेकेदार को मिक्स मटेरियल डालकर रोलिंग करने को कहा गया है। उच्च अधिकारियों ने ठेकेदार को निर्देश दिया है कि क्षति ग्रस्त सड़क का मरम्मत कर उसे आवागमन योग्य बनाया जाए।

-निखिल लकड़ा एसडीओ एनएच

# मोबाइल चलाने से मना किया तो सनकी भाई ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में सनकी युवक ने अपनी ही बहन की हत्या कर दी। आरोपी ने सो रही बहन के गर्दन पर टांगी से वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

- आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुन्नी चौकी क्षेत्र का मामला

बताया जा रहा है लखनपुर के कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम लिपिंगी मझवार पारा निवासी मुनेश्वरी आ. बिंद्रा राम मझवार का विवाद गांव में ही हुआ। महिला मुनेश्वरी 5 अगस्त को अपने मायके आई हुई थी। मायके में वह अपने पिता और दो भाइयों के साथ थी। 5 अगस्त को खाना खाने के बाद मुनेश्वरी जमीन पर सोई हुई थी जबकि उसका बड़ा भाई जयप्रकाश खाट पर सोया हुआ था। जयप्रकाश देर रात 12.30 बजे तक मोबाइल फोन चला रहत था जिसपर बड़ी बहन मुनेश्वरी ने मोबाइल चलाने से मना किया और डांटकर मोबाइल फोन छीनकर अपने पास रख लिया। मोबाइल चलाने से मना करने को लेकर दोनों भाई बहनों के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। मुनेश्वरी विवाद शांत कराकर फिर से सो गई इसी दौरान सनकी युवक ने



महज मोबाइल फोन लेने को लेकर हुए विवाद में अपनी ही सो रही बहन के गले पर टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस पूरी घटना के दौरान बुजुर्ग पिता और छोटा भाई घर पर ही मौजूद थे लेकिन किसी को कुछ समझने का मौका नहीं मिला। बुधवार की सुबह महिला के छोटे भाई स्मिथ मझवार ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद मौके पर पहुंची कुन्नी चौकी पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामले में लिपिंगी मझवारपारा निवासी 31 वर्षीय जयप्रकाश मझवार आ. बिंद्रा मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर शशिकांत सिन्हा, उनि केके यादव, चौकी प्रभारी कुन्नी सउनि डेविड मिंज, सउनि सिदयुस लकड़ा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, बलभद्र ठाकुर, आरक्षक राकेश एक्का, मानसिंह, राजकुमार, रामरूप यादव सक्रिय रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग प्रारंभ

**बलरामपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण (संस्था स्तर) की ऑनलाइन काउंसलिंग 6 अगस्त से प्रारंभ हो गई है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में संचालित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) प्रवेश हेतु सीजी-पीपीटी 2025 की परीक्षा एवं 10वीं के प्राप्तांक अंक मेरिट लिस्ट का आधार बनाया गया है तथा द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं परीक्षा माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड-विश्वविद्यालय से अनिवार्य 3 विषयों के साथ उत्तीर्ण एवं 2 वर्षीय आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं काउंसलिंग 6 से 9 अगस्त तक किया जाएगा। 11 अगस्त को मेरिट सूची का प्रकाशन तथा प्रवेश हेतु 12 अगस्त को संस्था में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस संबंध में तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट पर काउंसलिंग के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।


आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मों. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कौशल एवं लिखित परीक्षा 14 को

**बलरामपुर।** कार्यालय सीएमएचओ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। समस्त पदों के अभ्यर्थियों के द्वारा प्रस्तुत दावा-आपत्ति का निराकरण पश्चात दावा-आपत्ति निराकरण की सूची पात्र-अपात्र सूची एवं वरीयता सूची प्रकाशित की गई है। उक्त समस्त पदों में से 9 पदों का प्रथम चरण में 14 अगस्त 2025 को कौशल-लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिनमें से लैब टेक्नीशियन-एनएचएम, लैब टेक्नीशियन बीपीएचयू प्रोग्राम एसोसिएट डीपीएचएन, फार्मासिस्ट-आरबीएसके, अटेंडेंट एनआरसी, फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर एवं एसटीएस के पदों का लिखित परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में प्रातः 10.30 बजे से तथा सचिविक सहायक एसएनसीयू एवं कनिष्ट सचिविक सहायक-एनएचएम के पदों का कौशल परीक्षा का आयोजन कार्यालय जिला पंचायत में दोपहर 2 बजे से किया जायेगा। आयोजित कौशल-लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सूची, रोल नंबर, तिथि, समय एवं स्थान की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल से प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को रोल नंबर की कॉपी एवं कोई एक प्रमाणित आईडी (पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस की मूल प्रति) के साथ परीक्षा स्थल पर निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा के दौरान स्मार्ट घड़ी, मोबाईल फोन पूर्ण रुप से प्रतिबंधित होगी।

### अग्निवीर शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 14 तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) का चयन परिणाम घोषित किया जा चुका है। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण हुए जिले के अभ्यर्थियों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलरामपुर के द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलरामपुर में 14 अगस्त तक पंजीयन करा सकते हैं।

### आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**अम्बिकापुर।** नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत लिखित परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों को छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने सम्बन्धी निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लिखित परीक्षा हेतु जिले के पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापमं) की वेबसाईट में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 से 27 अगस्त को शाम 5 बजे तक की जाएगी। आरक्षक संवर्ग की परीक्षा 14 सितम्बर को होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 8 सितम्बर को जारी किए जाएंगे।

# मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में ए म बी बी ए स सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया 7 अगस्त से शुरू हो रही है। पहले चरण में ऑल इंडिया कोटा की सीटों पर यूजी के छात्र छात्राओं के प्रवेश लिए जाएंगे। प्रवेश को लेकर कॉलेज प्रबंधन ने अपनी ओर से तैयारियां पूर्ण कर ली है।

- पहले चरण में ऑल इंडिया कोटा कि 18 सीटों पर होगा प्रवेश

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को सत्र 2025--26 में एमबीबीएस की 125 सीटों पर प्रवेश के लिए एनएमसी से प्रवेश के लिए अनुमति मिल गई है। अनुमति मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन की ओर से मेडिकल काउंसलिंग कमेटी को सीट सबमिट कर दी गई थी। सीट सबमिट करने के बाद 7 अगस्त से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। मेडिकल कॉलेज में 125 सीटों में से 104 सीटें स्टेट कोटा, 18 सीटें ऑल इंडिया कोटा और 3 सीटें सेंट्रल पूल कोटा में निर्धारित है। बताया जा रहा है कि एमसीसी की ओर से पहले चरण में ऑल इंडिया कोटा की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऑल इंडिया कोटा की सीटों पर प्रवेश के लिए 7 अगस्त तक कॉलेज चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी और 9 अगस्त को सीट जारी किए जाएंगे। ऑल इंडिया कोटा की सीटों पर 18 अगस्त तक पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। बताया जा रहा है कि एडमिशन को लेकर एमसीसी की ओर से तिथियों में संशोधन किया गया है जिससे ऑल इंडिया कोटा की तिथि बढ़ाई गई है और इसी के साथ स्टेट कोटा में भी प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की संभावना है।

### पूर्ण कर ली गई है तैयारियां

पहले चरण में ऑल इंडिया कोटा की सीटों पर प्रवेश लिए जाने है। एमसीसी द्वारा प्रवेश की तिथि बढाई गई है। अब 18 अगस्त तक पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होनी है। हमारी ओर से प्रवेश को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

-डॉ. रंजना आर्या, प्रभारी अधिष्ठाता

# तीन दोस्तों ने नाबालिग से दो वर्षों तक किया दुष्कर्म

**बिहारपुर।** बिहारपुर थाना क्षेत्र में 8वीं की छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। नाबालिग से उसके दोस्तों ने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। अपचारी बालक पिछले दो साल नाबालिग से दुष्कर्म कर रहे थे लेकिन अब इस मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा गुड टच बैड टच को लेकर जागरूकता शिविर लगाया गया था। इस शिविर के दौरान दी गई जानकारियों के बाद छात्रा ने स्कूल प्रबंधन को स्वयं से आगे आकर मामले की जानकारी दी। बच्ची की शिकायत के बाद प्रबंधन ने सूरजपुर बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को मामले से अवगत कराया। सूचना के बाद 31 जुलाई को सीडब्ल्यूसी द्वारा बच्ची की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान उसने बताया कि 2 साल पहले वह कक्षा 6वीं में थी और अपने नानी के घर में थी। इस दौरान शेष पेज 4 पर

- अपचारी बालाकों ने दिया घटना को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

### चल रही है तलाश

नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की शिकायत मिली है। पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता के लिए स्कूल में लगाए गए जागरूकता शिविर के बाद छात्रा को अपने साथ हुई घटना का एहसास हुआ। इस मामले में अपराध दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

-प्रशांत कुमार ठाकुर, एसएसपी

## एक माह में बरामद किए गए 106 बालक- बालिका

**अंबिकापुर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत चलाए गए अभियान में सरगुजा पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जुलाई महीने में एक माह के भीतर 106 गुम बालक बालिकाओं को बरामद कर उन्हें अपने परिजन से मिलवाया है। बड़ी बात यह है कि महज दो माह में पुलिस ने रेंज में कुल 614 गुम इंसान को बरामद किया है। बता दें कि राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान चलाकर वर्षों से गुम बालक-बालिकाओं को बरामद करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आईजी दीपक झा के निर्देश पर सरगुजा संभाग में भी ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने गुम हुए प्रत्येक बच्चों के घर पर जाकर उनके परिजन, रिश्तेदार एवं मित्रों से सम्पर्क करते हुए हर एक प्रकरण की समीक्षा की और फिर रणनीति बनाकर टीम का गठन किया गया। टीम को ऐसे संभावित स्थानों पर भेजा गया जहां गुम बालक-बालिकाओं के मिलने की संभावना थी। विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत दीगर राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, कोलकाता, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मुंबई, गोवा, झारखंड सहित अन्य कई प्रदेशों से गुम बालक- बालिकाओं की सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व सतत मॉनिटरिंग के जरिए रेंज स्तर पर कुल 106 बालक- बालिकाओं को ढूंढ कर उनके परिजन तक पहुंचाने में पुलिस को सफलता हासिल हुई। संभाग के जिला जशपुर द्वारा 32, सरगुजा द्वारा 28, बलरामपुर द्वारा 19, सूरजपुर द्वारा 12, एमसीबी द्वारा 11 एवं जिला कोरिया द्वारा 4 रेंज स्तर पर कुल 106 गुम बालक-बालिकाओं को इस अभियान के तहत पुलिस ने अपने अथक प्रयास से खोज कर उनके परिजन को सौंपा।


आवश्यकता है

कम्प्यूटर ऑपरेटर

कम्प्यूटर एप्लीकेशन एम.एस ऑफिस एवं हिन्दी - इंग्लिश टाइपिंग का ज्ञान आवश्यक

डीजी ट्रांसपोर्ट एण्ड वेयरहाउसिंग प्रा.लि.

पता- कंनापारा, बिश्रामपुर जिला - सूरजपुर

मो.- 9425254668, 9302167456 7987354773

## खबर संक्षेप

### शिक्षक पालक बैठक कल

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षक पालक बैठक का आयोजन 8 अगस्त को आयोजित किया जाना है, इसके लिए सभी संस्था प्रमुखों को आवश्यक व्यवस्था करने के साथ शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ बच्चों के पालकों को पूर्व सूचना देकर शाला स्तर पर शिक्षक पालक बैठक का आयोजन करना है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा गुणवत्ता एवं बच्चों के पढ़ाई को लेकर पालकों व समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन किया जाना है। उक्त बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने के निर्देश है। बैठक में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर बच्चों के पढ़ाई की प्रगति से अवगत कराना एवं बच्चों के भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वयक स्थापित करने के लिए पालक शिक्षक बैठक आयोजित करना है, इसके लिए जिलेभर के विद्यालयों में 8 अगस्त को शिक्षक पालक सम्मेलन किया जाना है। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में पालक शिक्षक प्रथम मेगा बैठक 8 अगस्त को, दूसरा बैठक 13 अक्टूबर तथा तीसरा बैठक 19 जनवरी 2026 में आयोजित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### जगराता कार्यक्रम का आयोजन कल

**बैकुण्ठपुर।** दक्षिणाभिमुखी श्री हनुमान सेवा समिति बिशुनपुर के तत्वाधान में श्रावण माह के पावन अवसर पर 8 अगस्त को जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में उक्त सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार राजवाडे ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम बागेश्वरी जागरण मंच के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। जगराता कार्यक्रम 8 अगस्त को सायं 7 बजे हाईस्कूल प्रांगण बिशुनपुर में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर विशाल भोग भंडारा कार्यक्रम भी है। इस अवसर पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### विकलांगता प्रमाण पत्र की जांच की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। पूर्व जनपद सदस्य रामनरेश पटेल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर संबंधित के विकलांगता प्रमाण पत्र की जांच कराने की मांग की है। इस गंभीर आरोप के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है ।

## सड़क पर उतरकर जताया विरोध, पेयजल की किल्लत से सभी हैं परेशान

# पानी के लिए वार्डवासियों ने किया चक्काजाम



सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते वार्डवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 9 में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। मूलभूत सुविधा के लिए तरसते वार्डवासी आखिरकार शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए और सोनमणी नाका पर चक्का जाम कर दिया। यह रास्ता एसईसीएल की कोल ट्रांसपोर्टिंग का मुख्य मार्ग है, जिसे जाम कर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 9 में पीने व निस्तार के लिए पानी की आपूर्ति एसईसीएल की बंद खदानों से की जाती है। लगभग एक माह पूर्व पंप का मोटर खराब हो गया, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं हो पाई। वार्डवासी बार-बार एसईसीएल कार्यालय और अधिकारियों के चक्कर काटते रहे, लेकिन समाधान नहीं हुआ। बीच में एक नई मोटर लाकर दी गई, लेकिन जांच में वह भी खराब निकली। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस वार्ड में अब तक पीएचई की पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है, जबकि नगर निगम और पीएचई विभाग द्वारा चिरमिरी में नल-जल योजना के तहत 50 करोड़ रूपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी वार्ड 9 के गेल्हापानी क्षेत्र तक पानी नहीं पहुंच सका। एसईसीएल सब एरिया मैनेजर अरूण सिंह चौहान ने कहा कि गेल्हापानी की पानी की समस्या दूर हो जाएगी। मोटर बन गई है, तत्काल फिटिंग कर व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दे दिए गए हैं। आज से पानी मिलने लगेगा। स्थानीय लोग अब प्रशासनिक कार्रवाई के असर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वहीं नगर निगम व पीएचई की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

### जल संकट गंभीर समस्या

महिलाओं व पुरूषों ने मिलकर सोनमणी नाका पहुंचकर कोल परिवहन, निजी वाहन, बस और दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी। मौके की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी चिरमिरी अपनी टीम के साथ पहुंचे और लोगों से समझाइश का प्रयास किया। कुछ ही देर में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर अरूण सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि मोटर बन चुकी है, उसे तत्काल फिट कर पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी।




# बुड़ार आंगनबाड़ी की हालत खराब, नौनिहाल परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में नौनिहालों के लिए अच्छी हालत एवं साफ-सुथरे शौचालय की कमी हैं। विभागीय अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचते हैं तो वे भी खराब शौचालय की ओर ध्यान नहीं देते। यही कारण है कि जिले के कई स्थानों पर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के शौचालय बदहाल हालत में पडे हैं। इसी तरह का हाल जनपद बैकुंठपुर के ग्राम बुडार के एक आंगनबाड़ी केन्द्र को देखने को मिला, जो मुख्य मार्ग पर स्थित है।

मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर जनपद के ग्राम बुड़ार के जामपारा आंगनबाड़ी केन्द्र का शौचालय खराब हालत में पड़ी हुई हैं, जिससे शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र आने वाले बच्चों के लिए अच्छी हालत में शौचालय नहीं उपलब्ध होने के कारण बच्चे खुले में यूरिन के लिए जाते हैं। महीनों से यहां का शौचालय बदहाल पड़ा हैं, इसके सुधार कार्य करने की दिशा में पहल नहीं की गई। उपेक्षा के कारण ही नौनिहालों को शौचालय सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य मार्ग किनारे स्थित जामपारा के आंगनबाड़ी तीनों ओर खेत हैं, केन्द्र का परिसर छोटा सा है, बावजूद इसके शौचालय मरम्मत को लेकर विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। इस तरह की हालत कई अन्य जगहों के आंगनबाड़ी केन्द्रों की बनी हुई है।

### आदर्श शौचालय भी बदहाल

कोरिया जिले के ब्लाक अंतर्गत कई जगहों पर आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में आदर्श शौचालय लाखों रूपए खर्च कर पूर्व में बनाए गए थे। इनमें से कई जगहों के आदर्श शौचालय भी देख-रेख के अभाव में बदहाल हो गए हैं।

### स्कूली शौचालय की भी स्थिति ठीक नहीं

कोरिया जिले में संचालित कई विद्यालयों के शौचालय भी बदहाल स्थिति है, जबकि स्कूल शौचालय के मरम्मत के नाम पर कई बार राशि जारी हुई, लेकिन शौचालयों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाया। आज भी जिले के कई विद्यालयों के शौचालयों में साफ-सफाई का अभाव है, वहीं कई स्कूलों के शौचालय काम चलाऊ उपयोग लायक है।

## मंदिरों में अतिक्रमण की आशंका, विहिप बजरंग दल ने उठाई सीमांकन की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** जनकपुर-भरतपुर क्षेत्र के ऐतिहासिक और आस्था के केन्द्र माने जाने वाले तीन प्रमुख मंदिरों चांग माता मंदिर भगवानपुर, कैलाश मंदिर भरतपुर और हनुमान मंदिर जनकपुर में अतिक्रमण की आशंका को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष नवीन शर्मा, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक राकेश वर्मा, गौरक्षा प्रमुख शुभम सिंह, अखाड़ा प्रमुख अमर दीप गुप्ता एवं प्रखर मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने भरतपुर अनुविभागीय दंडाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मंदिरों की भूमि का सीमांकन गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिरों की भूमि पर अगर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण हुआ है, तो उसे तुरंत हटाया जाए और धार्मिक कार्यों में प्रयोग के लिए भूमि को संबंधित मंदिर समिति को सौंपा जाए। यह विषय सामान्य प्रशासनिक कार्रवाई से अधिक धार्मिक आस्था और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है। पदाधिकारियों ने भी कहा कि मंदिर परिसरों की भूमि पर स्पष्टता होने से भविष्य में इन स्थानों पर धार्मिक आयोजनों, सेवा कार्यों और सार्वजनिक उपयोग में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

# हर घर स्वच्छता अभियान में दिखा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर तीन चरणों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले के दूरस्थ ग्राम रामगढ़, सिंघोर और कछाड़ी में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा रैली निकाली। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज और देशभक्ति नारों के साथ बच्चों ने गांव की गलियों और मुख्य मार्गों पर रैली निकालकर देश के प्रति प्रेम और गौरव का भाव व्यक्त किया। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन्होंने न केवल देश के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की, बल्कि स्वच्छता को भी अपनाने का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और उन्हें अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित



करना है। साथ ही यह अभियान स्वच्छता को भी एक राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान तीन चरणों में संचालित हो रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तथा तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगी। जिलेभर में इस अभियान को लेकर स्कूली बच्चों, युवाओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# चिरमिरी में विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ से ज्यादा स्वीकृत

**बैकुंठपुर।** छग नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 6 करोड़ 18 लाख 72 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से यह स्वीकृति चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए दी गई है। इन कार्यों में वार्ड क्रमांक 7 में कोरिया कॉलरी शाखा शिवमंदिर के पास विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य लागत 3 करोड़ 56 लाख 76 हजार, अटल परिसर से मालवीय नगर तक पोड़ी वेस्ट चिरमिरी में सड़क चौड़ीकरण कार्य लागत 69 लाख 19 लाख तथा अहिंसा चौक हल्दीबाड़ी से अग्रसेन चौक बड़ा बाजार तक सड़क चौड़ीकरण कार्य लागत 1 करोड़ 92 लाख 77 हजार रूपए शामिल हैं। स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से जिले के सभी क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और नए विकास कार्यों की मंजूरी भी मिल रही है।

# मानस भवन में सावन महोत्सव का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** वी क्लब उड़ान के द्वारा बीते दिना मानस भवन में सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत उपरांत नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी कराया गया, इसके पश्चात सावन महोत्सव उपस्थित पदाधिकारियों एवं




सदस्यों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा रंगारंग गीत एवं नृत्य की प्रस्तुती देकर कार्यक्रम को उत्साह से भर दिया। विभिन्न तरह के गीतों व नृत्य से खुशनुमा माहौल बन गया था। इस अवसर पर करमा नृत्य मंडली के द्वारा भी गीत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष बलजीत कौर, उपाध्यक्ष मंजू जिवनानी, सीमा पांडे, रेखा अग्रवाल, सचिव मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष क्षमा बड़ेरिया, रानी बड़ेरिया, रूची बड़ेरिया, मनीषा किरण व मीडिया प्रभारी कुलविंदर कौर के साथ वी क्लब के सदस्य काफभ संख्या में शामिल रहे।

### अब तक 710.9 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 1.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 920.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 5 अगस्त तक जिले में कुल औसत 710.9 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 769.1 मिमी, खड़गवां में 580.4 मिमी, चिरमिरी में 666.7 मिमी, केल्हारी में 558.1 मिमी, भरतपुर में 770.9 मिमी और कोटाडोल में 920.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# एमएमयू के जरिए पीलिया प्रभावित इलाके में शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा चिरमिरी क्षेत्र में पीलिया से प्रभावित लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय पहल की जा रही है।

सोसायटी की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रभावित इलाकों में पहुंचकर रोगियों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जा रही है। पीलिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रेडक्रॉस की टीम द्वारा क्षेत्रीय लोगों की स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, दवाइयों का वितरण तथा रोग की रोकथाम संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम में शामिल चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर मरीजों की स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और गंभीर मामलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रेफर किया जा रहा है। रेडक्रॉस की इस पहल से प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को न केवल समय पर इलाज मिल रहा है, बल्कि बीमारी को फैलने से रोकने में भी मदद मिल रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन ने रेडक्रॉस की इस त्वरित और जनसेवी कार्रवाई की सराहना की है। रेडक्रॉस सोसायटी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह के पीलिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत मोबाइल यूनिट या निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें, साथ ही स्वच्छ पेयजल एवं व्यक्तिगत सफाई का विशेष ध्यान रखें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रफायल बरवा पिता स्व. समूल बरवा उम्र लगभग 62 वर्ष निवासी अस्गावान थाना कमलेश्वरपुर तह. नर्मदापुर जिला सरगुजा छ.ग. वर्तमान निवासी छ.स. बल 10 वीं बटालियन सिलफिली थाना जयनगर तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा नाम उपनाम सहित रफायल बरवा है जो मेरे सभी दस्तावेजो में अंकित है। मै छ.स. बल 10 वीं बटालियन सिलफिली थाना जयनगर तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग. मे प्रधान आरक्षक 115 के पद पर पदस्थ हूं। विभाग में मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम रफायल अंकित है। मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम बरवा अंकित नहीं है। मैं विभाग की मेरी सेवा पुस्तिका में मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम बरवा जोड़वाना अंकित कराना चाहता हूं।

विभाग में मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम अंकित नाम रफायल के साथ मेरा उपनाम बरवा अंकित कर विभाग की मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा उपनाम संहित मेरा नाम रफायल बरवा अंकित किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र कार्यालय श्रीमान सेनानी महोदय 10 वीं बटालियन छ.ग. बल सिलफिली जिला सूरजपुर छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

भवदीय
रफायल बरवा
पिता स्व. समूल बरवा
निवासी-अस्गावान थाना कमलेश्वरपुर तह. नर्मदापुर जिला सरगुजा छ.ग. वर्तमान निवासी छ.स. बल 10 वीं बटालियन सिलफिली थाना जयनगर तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग.

न्यायालयः-पायल टोपनो द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

-ईश्तेहार-

प्रोसेस नम्बर- 201/25
उ.प्र.क्र.-13/2025
पेशी तिथि 22.08.2025

1. निरंजन आ. चरका आयु लगभग 45 वर्ष।
2. रामफल आ. चरका आयु लगभ-37 वर्ष।
3. सनमेत पुत्री चरका, पत्नि लाकन आयु लगभग 60 वर्ष, निवासी ग्राम बुन्दिया, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
4. मोहरमनिया पुत्री चरका, पत्नि मोहरसाय आयु लगभग 40 वर्ष।

क्रमांक 01, 02, 04 सभी जाति कवंर, निवासी ग्राम केवरा (कटईपारा) थाना व तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) ------आवेदक

प्रति

1. क्षेत्रीय प्रबंधक बलरामपुर, सहक्षेत्र एस.ई.सी.एल. विश्रामपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
2. क्षेत्रीय आयुक्त कोयला खान भविष्य निधि संगठन शक्तिनगर, गुप्तेश्वर जबलपुर (म.प्र.)
3. सुखदेव आ. रंजन आयु लगभग 60 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम राई, थाना विश्रामपुर, तहसील जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ----अनावेदकगण

ईश्तेहार

इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के पिता स्व. चरका आ. किन्दर कंवर की मृत्यु दिनांक 19.09.2016 को ग्राम पार्वतीपुर (केवरा) में हो गई है। आवेदकगण के पिता चरका आ. किन्दर एस.ई.सी.एल विश्रामपुर के बलरामपुर-10-12 खदान में केटेगिरी वी.आई. सपोर्ट मिस्त्री के पद पर कार्यरत थे। आवेदकगण के पिता स्व. चरका आ. किन्दर कंवर की मृत्यु के पश्चात् उसके उत्तराधिकारी आवेदकगण ही हैं, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत् आवेदक पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये हैं। आवेदकगण के पिता स्व. चरका आ. किन्दर कंवर के नाम से अनावेदक क्रमांक 1, 2 के पास जमा समस्त राशि, सी.एम.पी.एफ., ग्रेच्युटी फण्ड, पेंशन एवं अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता आवेदकगण को है, आवेदकगण के पिता स्व. चरका आ. किन्दर कंवर निवासी ग्राम केवरा (कटईपारा) थाना व तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर(छ.ग.) की मृत्यु के उपरांत, प्रथम उत्तराधिकारी आवेदकगण ही हैं। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते हैं, तो कैफियत के साथ पेशी दिनांक 22/08/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे, इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

अतः आप, बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो, आपके विरूद्ध, प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो, जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 26/07/2025 को इस न्यायालय कि मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(पायल टोपनो)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
9/10 अगस्त 2025 शनिवार रविवार
डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS BANGALORE) (सुप्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ)
डॉ.चेतन चतुर्वेदी MD GENERAL MEDICINE DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY EX. CARDIOLOGIST EX.LLRM MEDICAL COLLEGE MEERUTE EX AIMS RAIPUR (सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ)
डॉ.संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanshi रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
10 अगस्त, 2025 दिन - रविवार
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप

### प्रोत्साहन कप फुटबाल प्रतियोगिता में लटोरी ने जीता प्रथम मैच, दूसरा मैच बराबरी पर

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में चल रही प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी ने पहला मैच जीत लिया है जबकि दूसरा मैच बराबरी पर समाप्त हुआ,उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन बुधवार को प्रथम मैच शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी व गुरुकुल स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया,जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी की टीम 5-1 गोल के अंतर से मैच जीत लिया है, जबकि दूसरा मैच डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर व राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया,जिसमें दोनों ही टीम अंतिम समय तक बराबरी पर रही,आज बुधवार को बतौर अतिथि नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 12 के पार्षद संजीत यादव मौजूद रहे, जिनके द्वारा मैन ऑफ द मैच का खिताब शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी के अन्नू कुमार एवं दूसरे मैच के खिलाड़ी राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के प्रियांशु को देकर प्रोत्साहित किया गया।

### शासकीय उमावि परसा में किया गया पालक-शिक्षक सम्मेलन



**अंबिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में बुधवार को पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजू कुजूर द्वारा आयोजित शिक्षक पालक सम्मेलन में पालको को उनके बच्चों की अच्छाई बुराई पढ़ाई के बारे मे बताया गया। साथ ही विद्यालय मे एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। गांव के सरपंच, बीडीसी एसएमडीसी के सदस्य व अभिभावक शामिल हुए। एनएसएस, स्काउट गाइड, इको कल्ब के छात्रों द्वारा एक पेड़ मां के नाम की रंगोली बनाई गई। छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### पंडो परिवार को जमीन वापस दिलाने की मांग जपं सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मदनपुर।** पण्डो जनजाति की जमीन पर कब्जे तथा अवैध रूप से नामांतरण कराने को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पंडो जनजाति को जमीन वापस दिलाए जाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कलेक्टर जनदर्शन में सौंपे ज्ञापन में बताया है कि लटोरी तहसील अंतर्गत भगवानपुर कला के खसरा क्रमांक 43, रकबा 1.71 हेक्टेयर की जमीन का जो सेटलमेंट रिकॉर्ड में पण्डो जनजाति के झुरई पण्डो के नाम पर दर्ज थी। आरोप है कि इस जमीन को गैर-आदिवासी बंगाली परिवार के नाम पर चौहद्दी बनाकर हल्का पटवारी द्वारा अवैध रूप से नामांतरण कर दिया गया। यह कार्य छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) का स्पष्ट उल्लंघन है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने मांग की है कि उक्त जमीन को तत्काल पण्डो परिवार को वापस दिलाया जाए और दोषी पटवारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो पंडो समुदाय के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।



### मजदूरी करने बिश्रामपुर जा रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** रामनगर से मजदूरी करने आए ग्रामीण को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें ग्रामीण को चोटें आई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम रामनगर धवरापारा निवासी 45 वर्षीय लल्लू राम प्रजापति बुधवार को साईकल से मजदूरी करने बिश्रामपुर आ रहा था,इस दौरान सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाइक क्रमांक सीजी 29 एजी 7780 का चालक ग्राम कल्याणपुर निवासी जीवन राजवाड़े शराब के नशे में तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए साईकल सवार ग्रामीण लल्लू राम को जोरदार टक्कर मार दी।उक्त दुर्घटना में मजदूर लल्लू राम प्रजापति के बाएं हाथ,पैर व सिर में चोटें आई हैं।पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### फार्म हाउस से चोरों ने पार किया सबमर्सिबल पंप

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा निवासी विष्णु कुमार गुप्ता आ. रघुनंदन गुप्ता (55 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम दनौली खुर्द के अखिलेश प्रताप सिंह के फार्म हाउस में काम करता है। सिंचाई के लिए कुंआ में लगाए गए सबमर्सिबल पंप सहित लगभग 40 हजार कीमत के सामान को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## निधन

### मालती समद्दार

**बिश्रामपुर।** ग्राम संजयनगर निवासी मालती समद्दार का आज बुधवार की सुबह 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया,वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं।उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि छोटे पुत्र भाजपा नेता श्यामल समद्दार ने दी, वे अपने पीछे पांच पुत्र व तीन पुत्री समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई है।



## रिपोर्ट के अभाव में समय पर शुरू नहीं होता उपचार

# सीटी स्कैन रिपोर्ट तीन से चार दिन बाद मिलने से बढ़ी मरीजों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- पांच करोड़ के सीटी स्कैन मशीन का गरीब तबके को नहीं मिल रहा लाभ

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अव्यवस्था का खामियाजा अब अस्पताल दाखिल होने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं एवं बीमारी में गंभीर हुए मरीज को सीटी स्कैन कराने के लिए परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का सीटी स्कैन नहीं होता परंतु रिपोर्ट तीन से चार दिन बाद मिलने से न तो मरीज का समय पर उपचार शुरू होती है और न ही उन्हें दवाईयां दी जाती है। ऐसी स्थिति में मरीज सहित परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर परिजन भी उपचार में देरी होने पर मरीज की छुट्टी कराकर निजी अस्पताल में उपचार कराना मुनासिब समझते है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पांच करोड़ के अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन होने के बावजूद मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।

जिले सहित संभाग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ साल के भीतर ही आवश्यक संसाधनों में काफी वृद्धि हुई है। जिसमें से एक सीटी स्कैन की सुविधा शामिल है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीजों को बेहतर उपचार के साथ जांच सुविधा हो इसके लिए कुछ साल पहले 5 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक 128 स्लाइस का सीटी स्कैन मशीन लगाया गया जिससे अधिक से अधिक मरीजों का सीटी स्कैन समय पर हो सके। प्रारंभ में सीटी स्कैन मशीन का लाभ अस्पताल में दाखिल मरीजों को मिलने लगा परंतु अब सीटी स्कैन की व्यवस्था काफी चरमरा गई। हालांकि अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों का न सिर्फ तत्काल सीटी स्कैन एवं फिल्म सहित रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाती है लेकिन गंभीर मरीज के अलावा अन्य मरीजों को सीटी स्कैन रिपोर्ट के लिए तीन से चार दिन तक इंतजार करना पड़ता है।

ऐसे में मरीज का समय पर जांच नहीं होने से उनकी हालत और भी बिगड़ जाती है। इधर चिकित्सक तो सीटी स्कैन के लिए लिख देते है परंतु मरीज के सीटी स्कैन रिपोर्ट आने में कई दिन लग जाने से चिकित्सक भी आगे का उपचार शुरू नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में वार्ड में दाखिल मरीज भगवान भरोसे ही रहते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला व पुरुष सर्जिकल वार्ड में ऐसे कई मरीज है जो सीटी स्कैन समय पर नहीं होने तथा जांच रिपोर्ट में देरी होने से उपचार शुरू नहीं होने की की समस्या से जूझ रहे है। हाल ही में कई मरीज के समय पर उपचार सही से नहीं होने पर अस्पताल से छुट्टी कराकर निजी संस्था ले गए। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करोड़ों की लागत से लगाई गई सीटी स्कैन मशीन का लाभ अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीजों को नहीं मिल रहा है।



रेडियोलॉजी विभाग के बाहर खड़े मरीज।

### बनाते है कोई न कोई बहाना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को राहत देने करोड़ों की सीटी स्कैन मशीन लगाई है जिसका लाभ मरीज को मिल सके। परंतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीज सहित चिकित्सक से जांच कराने वाले लोगों को सही से लाभ नहीं मिल रहा। सिर में चोट सहित बीमारी से गंभीर मरीजों को चिकित्सक सीटी स्कैन कराने की सलाह देकर लिख देते है परंतु जब परिजन पर्ची कटवाने के बाद सीटी स्कैन कराते है तो कभी कभी भीड़ होने की बात वापस भेज दिया जाता है और सीटी स्कैन होने के बाद परिजन को रिपोर्ट तैयार नहीं होने की बात कहकर वापस भेज देते है। ऐसे में परिजन को रिपोर्ट के लिए ही कई दिन सीटी स्कैन कक्ष का चक्कर लगाना पड़ता है।

### उपलब्ध कराते है सिर्फ फिल्म

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार व जांच कराने संभाग सहित आसपास के दूसरे प्रदेश के लोग मेडिकल कॉलेज अस्पताल आते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते है। ऐसे में कई मरीजों को अस्पताल में दाखिल कर सीटी स्कैन तथा कुछ को सिर्फ सीटी स्कैन कराने की सलाह चिकित्सक देते है। ऐसे परिजन मरीज का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन कराते तो उन्हें सिर्फ सीटी स्कैन का फिल्म थमा दिया जाता है। जबकि रिपोर्ट के अभाव में मरीज का समय पर उपचार शुरू नहीं होता। वहीं कई ऐसे में मरीज होते है जो नियरोलॉस्टिक से सलाह लेने में भी रिपोर्ट के अभाव में काफी परेशान रहते है।

### कम खर्च में होता है सीटी स्कैन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीज की कई तरह की जांच व उपचार आयुष्मान कार्ड से उपचार होता है जिससे परिजन को नगद राशि खर्च नहीं करनी पड़ती। सीटी स्कैन में नगद राशि देकर रशीद कटवाना पड़ता है व निजी संस्था की अपेक्षा आधी होती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन कराने से परिजन को राहत मिलती है परंतु जब मरीज का किसी निजी संस्था में सीटी स्कैन कराते है तो परिजन को पूरी राशि का भुगतान करना पड़ता है।

### जल्द रिपोर्ट देने बनाई जाएगी व्यवस्था

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए दो रेडियोलॉजिस्ट है। एमआरआई एवं सीटी स्कैन की रिपोर्ट देरी से उपलब्ध होने कारण अधिक मरीजों का सीटी स्कैन होने से होता है। रिपोर्ट मरीज के परिजन को जल्द उपलब्ध हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी।

-डॉ. जेके रेलवानी
प्रभारी अस्पताल अधीक्षक



## विधायक पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में जरही संकुल में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जरही में शाला प्रवेश उत्सव सांस्कृतिक भवन में मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजा अर्चना कार्यक्रम का शुरुआत किया गया, इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों को विधायक द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अच्छे से पढ़ाई करने के बाद ही अच्छे पदों पर आसीन हो सकते है। पूरन राम राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में विकास कार्यों पर प्रकाश डाला एवं मुकेश सिंह द्वारा जरही के विकास संबंधी कार्यों पर प्रकाश डाला। विधायक द्वारा चंदन लगाकर मिष्ठान खिलाया गया व पुस्तक देकर नवप्रवेशी बच्चों का अभिनन्दन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, गोपाल शरण सिंह, समय लाल मिश्रा, दीपक मिश्रा, तेज बहादुर सिंह, मीना श्रीवास्तव, किरण गुप्ता, अभय तिवारी, अनुराग द्विवेदी, प्रतीक जायसवाल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विकेश जायसवाल, विवेक सिंह, विकास तिवारी, बसंत यादव, धनेश्वर राजवाड़े, सूरज सिंह, ओपी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक ने किया पशु चिकित्सालय भवन का भूमि पूजन

जरही में पशु चिकित्सालय भवन का भूमि पूजन विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने किया। विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद उनके द्वारा कुदाल चलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने निमार्ण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने हेतु विशेष हिदायत दी। .इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मुकेश सिंह, शरद चन्द्र द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, समय लाल मिश्रा,मीना श्रीवास्तव, अभय तिवारी, प्रतीक जयसवाल, अनुराग द्विवेदी, बसंत यादव,सूरज सिंह ,किरण गुप्ता,एव्हीएफओ सोनगरा सुबोध मोदी, एव्हीएफओ जरही इरफान अंसारी, भटगांव एव्हीएफओ अफताब, प्रतापपुर डॉ विवेक पैंकरा सहित कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चाचा ने भतीजे को मारपीट कर किया घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर ढोढापारा निवासी लल्लू राम राजवाड़े आ. पहलु राम राजवाड़े (40 वर्ष) गत दिन गैरेज दुकान में बैठा था तभी चाचा पुपराम राजवाड़े वहां पहुंचा जिसे देख लल्लु राम ने पुश्तैनी जमीन को बेचने संबंध में पूछने लगा जिससे नाराज हो कर चाचा ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया और गैरेज में रखे रिंगपाना से सिर पर वार कर घायल कर दिया। घटना को देख मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



### विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक

**राजपुर।** आदिवासी समाज द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन को लेकर समाज के प्रमुख सदस्यों ने स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। आगामी त्यौहार को बेहतर तरीके से मनाने और कार्यक्रम में लगभग 10 हजार से अधिक समाज के लोगों को जुटाना को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान समाज के वरिष्ठ लाल साय मिंज ने बताया कि आगामी विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मंडी प्रांगण में बेहतर तरीके मनाई जायेगी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम 10 बजे धरती पूजा की जाएगी, इसके पश्चात 10 से 11 बजे के बीच तक अतिथियों का स्वागत, 11 से 3 तक उद्बोधन व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 3 से 5 बजे तक मंडी प्रांगण से सरगुजा सर्विस स्टेशन तक शोभा यात्रा की जाएगी। इसके साथ शाम 6 बजे कार्यक्रम की समाप्ति करने को लेकर चर्चा की गई है। इस अवसर में अनिल भारती, आनंद तिग्गा, कृष्णा टोप्पो, सुनील भगत, सरजू, देवबली टेकाम, विजय कुंवर सिंह, अनिल खलखो आदि मौजूद थे।

## अस्पताल में सफाइकर्मियों पर मंडराया नौकरी का खतरा, बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व महापौर के नेतृत्व में कांग्रेस ने की मुलाकात, अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था को ठेके पर कर दिया है। इसके कारण अस्पताल 15-20 वर्षों से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

जीवन दीप समिति के फंड से कलेक्टर दर पर ये सफाई कर्मचारी लंबे समय से कार्य कर रहे थे। मेडिकल कॉलेज द्वारा ठेका व्यवस्था अपनाने और नए कर्मचारियों के लिए अधिकतम 40 वर्ष की आयुसीमा तय करने के कारण इन 150 कर्मचारियों पर बेरोजगारी का खतरा मंडरा रहा था। इस कारण ये कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में बनाई गई स्वास्थ्य कमेटी ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाकर हड़ताली सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और अस्पताल अधीक्षक को इन कर्मचारियों के हित में ज्ञापन सौंपा। चर्चा के दौरान इन सफाई कर्मचारियों ने जानकारी दी कि ठेका पद्धति में यह नियम बनाया गया है कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को काम पर नहीं रखा जाएगा। इस एक नियम के कारण पूर्व से कार्यरत 150 सफाई कर्मचारियों में से अधिकांश के समक्ष रोजगार की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। सफाई कर्मचारियों का यह भी कहना था कि ठेका व्यवस्था आने के बाद यह संभावना है कि ठेकेदार उनके मौजूदा वेतन में कटौती कर भुगतान करेगा। उन्हें ड्रेस का खर्च खुद वहन करना पड़ेगा। साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलेगा एवं बीमारी की वजह से कार्य पर नहीं आ पाने पर ठेकेदार उन्हें सेवा से बेदखल कर देगा। सफाई कार्य का ठेका पाने वाले ठेकेदार के व्यवहार पर भी इन कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाया। कर्मचारियों इन मांगों को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने अस्पताल अधीक्षक से चर्चा की। अस्पताल अधीक्षक को यह बताया गया कि इस व्यवस्था को अपनाने के कारण किसी कर्मचारी को बेरोजगार न किया जाये। 40 वर्ष की आयु सीमा के शर्त को समाप्त किया जाये। अस्पताल अधीक्षक ने जानकारी दी है कि 40 वर्ष की नहीं बल्कि 50 वर्ष की आयु सीमा का प्रावधान है, क्योंकि इससे अधिक आयु सीमा के कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं काटा जा सकता। इसपर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने उन्हे सुझाव दिया कि आम कर्मचारियों के सेवानिवृत्त की आयु की तरह नियम सफाई कर्मचारियों के लिये भी लागू की जाए और 50 वर्ष से अधिक आयु के सफाई कर्मचारी को बगैर ईपीएफ कटौती के ही काम पर रखने की व्यवस्था बनाई जाये। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से संवाद के बाद अस्पताल प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि मौजूदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद ही नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती नयी ठेका पद्धति में कई जाएगी। ठेकेदार के आचरण को लेकर सफाई कर्मचारियों की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि अगर ठेकेदार गलत व्यवहार करेगा तो ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। इस दौरान डॉ. अजय तिर्की ने कहा है कि यदि ठेकेदार अनुचित आचरण करता है तो उसकी शिकायत लेकर हमारे पास आइये हम आपके लिये न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विनय शर्मा , अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू मौजूद रहे।



### सूने मकान में चोरों का धावा, पार किया नकदी व दस्तावेज

**अम्बिकापुर।** सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने पेटी में रखे नगदी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवास राजनाथ राजवाड़े आ. शिवरतन राजवाड़े घर में अकेला रहता है। गत दिन घर में ताला लगाकर अंबिकापुर आ गया था। शाम को वापस घर लौटा तो देखा दरवाजा खुला तथा कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक ने जब घर की तलाशी ली तो पता चला की पेटी में रखे नगद 40 हजार रूपए के अलावा आधार कार्ड जमीन के ऋण पुस्तिका गायब थी। घटना की रिपोर्ट राजनाथ ने लखनपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दरवाजा को खोलकर चोर ले उड़े 10 बोरी धान

सूने मकान का दरवाजा खोलकर चोरों ने दस बोरी धान पार कर दिया। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सिरसी निवासी रविशंकर गुप्ता आ. त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता (39 वर्ष) गांव स्थित जुनापारा पुराना घर में धान भरे 100 बोरियों को रखा था जबकि नए मकान के परिवार के साथ रहते है। गत दिन पुराना घर गया तो देख दरवाजा खुला और कमरे रखे दस बोरी धान गायब थे। घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305,331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बधियां चुआ निवासी सामार साय आ.स्व. चमरू राम घासी (57 वर्ष) 29 जुलाई नागपंचमी के दिन परिवार के साथ नाग देवता के पूजा करने ग्राम आमगांव कुरो पहाड़ आया था। पूजा के पश्चात वाहन से परिवार के साथ वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामान लेने के लिए वाहन से उतर सड़क पार करने लगा तभी पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएल 3171 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सोमार साय को टक्कर मार दी जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से सोमार साय मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन डायल 112 की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौरपुर लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की। पुलिस ने मर्ग जांच में बाइक की टक्कर से घायल की मौत होने पर बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## एसईसीएल सिविल विभाग में फर्जी भुगतान का मामला मुख्यालय से विजलेंस की तीन सदस्यीय टीम पहुंची

- एमटी सिविल और पूर्व ओवरसियर की भूमिका संदिग्ध, दर्ज किये जा रहे बयान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सिविल विभाग में पूर्व ओवरसियर और एमटी सिविल द्वारा विजलेंस के निर्देश को दरकिनार कर ठेकेदार को फर्जी भुगतान करने मामले में कंपनी के सतर्कता विभाग को लिखित शिकायत भेजी गई थी,जिसके कुछ समय बाद मंगलवार को कंपनी मुख्यालय बिलासपुर की तीन सदस्यीय जांच टीम बिश्रामपुर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।शिकायत में कुल छह कार्यों में नियम विरुद्ध तरीके से कार्य करते हुए ठेकेदार को अतिरिक्त लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फर्जी भुगतान किये जाने का जिक्र किया गया है।बताया गया कि अमेरा खदान बूम बैरियर से संगीटाना तक सड़क में हुए गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी डालने के काम में क्षेत्रीय प्रबंधन और सिविल विभाग के तत्कालीन ओवरसियर जिनका हाल ही में बैकुंठपुर तबादला हुआ है,उनसे साठगांठ कर ठेकेदार ने मात्र आठ से दस ट्रिप ट्रेक्टर गिट्टी डालकर बीस लाख रुपये की मोटी रकम का बिल आहरण कर लिया,इसके बाद अखबार में खबर प्रकाशन के बाद प्रबंधन ने अपनी गलती छुपाने के लिए लीपापोती करने दुबारा इसी सड़क पर कोल ट्रांसपोर्टिंग का हवाला देते हुए पुनः 24 लाख का टेंडर गड्ढों में गिट्टी भरने के काम का निकालते हुए इस कार्य को फिर से पूरा कराया।सिर्फ चार माह के अंतराल में एक ही काम का दो बार टेंडर कर भुगतान करने मामले की जांच विजलेंस ने आरंभ कर दी है।इसके अतिरिक्त एसईसीएल कम्पनी अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा के दौरान एकता स्टेडियम में क्रिकेट पिच बनाने के नाम पर भी साढ़े पांच लाख रुपये की राशि गबन करने, एमटी सिविल द्वारा कम कार्य के बदले पूरी राशि भुगतान करने,वर्तमान व पूर्व एएमसी वर्क में गड़बड़ी करने सहित कुल छह कार्यों की शिकायत पर कंपनी मुख्यालय की विजलेंस टीम मामले की जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी अनुसार कंपनी मुख्यालय की विजलेंस टीम संजीव निगम के अलावा दो अन्य अधिकारी अलग अलग शिकायत की जांच और अधिकारियों से आवश्यक पूछताछ कर उनका ब्यान दर्ज किया है।

### क्रिकेट पिच बनाने को लेकर हुई धांधली

दरअसल एकता स्टेडियम में कम्पनी अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान यहां साढ़े पांच लाख रुपये खर्च कर क्रिकेट पिचबनाने का कार्य किया जाना था, शिकायत के अनुसार ठेकेदार द्वारा रंग रोगन के अलावा बिना कुछ काम कराये ही एम टी सिविल से मिलीभगत कर पूरी राशि का आहरण कर गबन कर लिया गया।आरोप यह भी है कि इसी ठेकेदार के द्वारा वर्तमान में एएमएसी के दो वर्ष के ठेके के काम में निर्धारित संख्या के मजदूरों को काम में न रखकर मात्र सात आठ की संख्या में मजदूरों को काम पर भेजकर सिविल अमले से मिलीभगत कर पूरा बिल बनवा लिया जाता है और इन्हीं मजदूरों से दूसरे टेंडर के अतिरिक्त कार्य भी करा लिए जाते हैं।



### सराफा संघ ने महामाया मंदिर में किया पूजन एवं भंडारा

**अम्बिकापुर।** सावन के आखिरी मंगलवार को महामाया मंदिर प्रांगण में पूजन, हवन, सुंदर कांड पाठ एवं भजन-कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान परशुराम सोनी, राम अवतार सोनी, अरूण सोनी, जगमोहन सोनी, सुरेश सोनी, बजरंगी सोनी, हरि नारायण सोनी, वासुदेव सोनी, अनिरूद्ध सोनी, लड्डू सोनी, कन्हैया, रामू सोनी सहित बड़ी संख्या में सर्राफा संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurology)
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB (Haderbad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
• ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या
• स्पॉन्डिलाइसिस, स्पाइन की समस्या
• हाथ, पीठ, तानु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना
10 अगस्त 2025, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप




### जोनल बाक्सिंग स्पर्धा में ओपीएस के चार खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड एवं सिल्वर

**अम्बिकापुर।** सीबीएसई स्कूल जोनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के 4 विद्यार्थियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से विद्यालय एवं शहर को गौरवान्वित किया है । पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित पूर्व इंटरनेशनल स्कूल में 29 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित स्पर्धा में ओपीएस के अकांक्षा एक्का, आस्था कुशवाहा, आराध्या श्रीवास्तव एवं विक्रांत साहू ने भागीदारी की। स्पर्धा में छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम, वेस्ट बंगाल एवं मेघालय के सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कड़ी स्पर्धा में अकांक्षा एक्का एवं विक्रांत साहू ने स्वर्ण पदक वहीं आस्था कुशवाहा ने रजत पदक तथा आराध्या श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीता है। इन सभी विद्यार्थियों का चयन 11 सितम्बर 2025 से हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय सीबीएसई बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए किया गया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आइए खान सूरी ने शुभकामनाएं दी है।

### कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** सूरजपुर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में आइक्यूएसी रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रासेयो के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य बृजलाल साहू ने छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया साथ ही पाठ्येतर गतिविधियों में भी तन एवं मन के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मनोरोग विशेषज्ञ सचिन मातुरकर एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रियंका मंडल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने ने कहा कि वर्तमान दौर में अधिकांश युवा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं इसका सीधा असर विद्यार्थियों के शैक्षणिक गतिविधियों पर पढ़ रहा है साथ ही वह अपने मूल उद्देश्यों से भटक रहे हैं। आज के दौर में मानसिक स्वास्थ्य राष्ट्रीय चिंता का विषय है। छात्राओं से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछ कर उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## पेज 1 के शेष...

### तीन दोस्तों ने नाबालिग से...

उसकी पहचान कुछ युवकों से हुई थी और उनके बीच बातचीत होने लगी। बाद में युवक उसके गांव पहुंच गए और गांव की एक शादी शुदा महिला सिमरन से संपर्क कर छात्रा को बुलाया इसके बाद एक युवक ने नाबालिग छात्रा को जंगल में लेजाकर दुष्कर्म किया। जब छात्रा रोने लगी तो उसे समझा बुझाकर सिमरन के पास छोड़ दिया गया। पहले युवक ने सालभर अलग अलग जगहों पर बच्ची से दुष्कर्म किया और बाद में युवक के दूसरे दोस्त ने भी सिमरन से संपर्क किया और छात्रा को बुलाकर उसने भी कई बार रेप किया। वहीं कुछ दिनों पहले तीसरे दोस्त ने भी महिला के माध्यम से छात्रा को बुलाकर रेप किया। इस दौरान उसने जबरजस्ती करते हुए कपड़े फाड़ दिए। इस घटना के बाद छात्रा गुमसुम रहने लगी थी। बड़ी बात यह है कि इस मामले की शिकायत सीडब्ल्यूसी के माध्यम से थाने में की गई लेकिन पुलिस ने दो दिनों बाद अपराध दर्ज किया। इस दौरान पुलिस छात्रा को घुमाती रही। मामले की शिकायत एसएसपी से होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (2), 64 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पांच साल पूर्व सभी विकास खण्डों में किया गया था भूमि का चयन

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए छह ब्लाकों में चिन्हांकित फूड पार्कों का विकास अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाद्य उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए पांच साल पूर्व प्रारंभ की गई फूड पार्क योजना का विकास अटक गया है। विभाग द्वारा अब तक मात्र एक फूड पार्क को विकसित किया जा सका है। विभाग द्वारा फूड पार्क विकसित करने के उपरांत उद्योगों को भूमि का आवंटन भी प्रारंभ कर दिया गया है लेकिन क्षेत्र के युवा स्वयं का उद्योग लगाने में रूचि नहीं ले रहे हैं।

**खास बात**

- विभाग ने रिखी पार्क को किया विकसित अन्य उद्योगों को भी दी जा रही भूमि

पांच साल पूर्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर विकसित करने के उद्देश्य से हर तहसील में फूडपार्क विकसित करने का निर्णय लिया था। इसके लिए विभाग के अधिकारियों ने राजस्व अमले के साथ कड़ी मशक्कत के बाद हर तहसील में भूमि का चिन्हांकन किया था। प्रशासन द्वारा तत्काल विभाग को भूमि का हस्तांतरण भी कर दिया गया लेकिन अभी तक विभाग द्वारा चिन्हांकित फूड पार्कों में न तो मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं न ही भूमि को उद्योगों के अनुकूल विकसित किया जा सका है। नई उद्योग नीति के तहत शासन ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के साथ ही अन्य उद्योगों को भी पार्क में शासकीय भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। शासन ने फूड पार्कों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर बहुतायत में उत्पन्न होने वाले खाद्यान्नों, दलहन-तेलहन एवं सब्जियों का प्रसंसकरण कर आवश्यकता के अनुसार अन्य राज्यों में व्यवसाय करने की योजना बनाई थी। खाद्य प्रसंसकरण उद्योग की संभावनाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में उद्यमियों ने रूचि दिखाई थी। तब उद्यमियों की रूचि को देखते हुए सीधे भूखण्ड आवंटित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। सीएसआईडीसी ने विभाग द्वारा चिन्हांकित फूड पार्कों को विकसित करने की जिम्मेदारी ली है तथा विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम रिखी स्थित पार्क को विकसित करने कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि सीतापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उलकिया स्थित पार्क को विकसित करने की पहल चल रही है। अन्य पार्कों के विकास में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है।


ग्राम पंचायत रिखी में शासन द्वारा विकसित पार्क।

### इन तहसीलों का चयन

फूड पार्क स्थापित करने के उद्देश्य से विकासखण्ड अम्बिकापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंड्राकला में 6 हेक्टेयर, विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत टपरकेला में 9.8 हेक्टेयर, विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमीरा में 17 हेक्टेयर, विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम पंचायत गोविंदपुर में 4 हेक्टेयर एवं विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत डांगबुड़ा में 3.8 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। प्रशासन द्वारा चयनित भूमि सीएसआईडीसी को आवंटित भी कर दी गई है लेकिन सीएसआईडीसी द्वारा अभी मात्र ग्राम पंचायत रिखी स्थित प्रक्षेत्र को विकसित किया जा सका है।

### नहीं मिल रहे उद्यमी

आवागमन एवं परिवहन सुविधा के लिहाज से उद्यमी संभाग मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने में अधिक रूचि ले रहे हैं। उद्यमियों का कहना है कि उद्योगों के लिए कच्चा माल एवं तैयार माल के परिवहन के लिए आवागमन की सुविधा आवश्यक है। दूरस्थ क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने पर कई समस्याएं होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से उद्योगों के संचालन में समस्याएं होती हैं। शहर के निकट उद्योग स्थापित करने पर उद्यमियों को काफी सहूलियत मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय उद्यमियों एवं जरूरतों के हिसाब से उद्योग स्थापित करना लाभदायक होगा।

### नहीं मिल रहे उद्यमी

ग्राम पंचायत रिखी में विभाग द्वारा उद्यमियों को ऑनलाइन भूमि आवंटन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। नई उद्योग नीति के तहत विकसित किए गए परिसर में अन्य उद्योगों के लिए भी भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। हैरानी की बात है कि ग्राम पंचायत रिखी स्थित परिसर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने अभी एक भी उद्यमी ने आवेदन नहीं किया है।

### सीएसआईडीसी करेगा विकास

चयनित फूड पार्कों का विकास सीएसआईडीसी के माध्यम से किया जाएगा। ग्राम रिखी स्थित परिसर को विकसित करने के साथ ही ऑनलाइन भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने किसी ने आवेदन नहीं किया है।
अंकुर कुमार गुप्ता
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र



## रेणुका नदी से जल उठाकर कांवरियों ने पंच महादेव पर किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंच मंदिर सेवा समिति सूरजपुर द्वारा श्रावण मास के अंतिम सोमवार के दिन रेणुका नदी के तट पर छठ घाट से पंच मंदिर भैयाथान रोड तक भव्य कावड़ पदयात्रा का आयोजन किया गया।

- रास्ते भर शिव भक्तों के लिए की गई थी जल-पान की व्यवस्था

जिसमें बड़ी संख्या में कांवरियों ने रेणुका नदी के तट से जल उठाकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पंच मंदिर स्थित पंच महादेव पर जलाभिषेक किया। इस दौरान कांवरिए पूरे रास्ते भर डीजे की धुन पर बाबा भोलेनाथ के भजनों पर झूमते व गाते हुए बोल बम व हर-हर महादेव के नारों के गुंजायमान के साथ मस्ती में सराबोर रहे। कांवरियों के लिए रास्ते भर में शिव भक्तों के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। वहीं श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए लालायित रहे और कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार भी करते रहे। साथ ही पूरे मंदिर परिसर में बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। हाथों में जल कलश, फूल और बेलपत्र लिए लोग अपने परिवार की खुशहाली, रोग निवारण और जीवन में सुख-शांति की कामना के साथ बाबा को जलाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण भजनों, घंटियों और शंख ध्वनि से गूंज उठा। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ पूजा-अर्चना की। युवाओं ने जल लेकर बाबा के चरणों में अर्पित किया और बुजुर्गों ने मंदिर परिसर में बैठकर ध्यान-साधना की। आयोजन को सफल बनाने में पंच मंदिर सेवा समिति के ओमप्रकाश उपाध्याय, पवन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग, बजरंग जैन, भोला साहू, सुंदर पाटकर, रामजी साहू, पंकज गुप्ता, प्यारे साहू, संजय अग्रवाल, रूपेश मित्तल, आशीष गुप्ता, निश्चल केसरी, राकेश प्रताप सिंह, प्रवीण साहू सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त सक्रिय रहे।

## जयनगर थाना क्षेत्र का पुनः परिसीमन कर नवीन अजबनगर चौकी खोले जाने मंगाया गया प्रस्ताव

**बिश्रामपुर।** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर जिला सूरजपुर अंतर्गत थाना जयनगर का फिर से परिसीमन किये जाने की खबर है।गौरतलब है कि सन 1930 में स्थापित जयनगर थाना को फिर से परिसीमित कर अजबनगर में एक नवीन पुलिस चौकी की स्थापना किये जाने की प्रबल संभावना है, इसके लिए शासन स्तर पर विभागीय प्रस्ताव मंगाया गया है। चौकी की स्थापना हो जाने से न केवल सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाएगा, बल्कि करीब एक दर्जन गांवों को नया प्रशासनिक सहारा भी मिल सकेगा।

- मदनपुर से संजयनगर तक के दर्जन भर गांव को शामिल कर नई चौकी बनाये जाने की शुरू हुई कवायद

गौरतलब है कि जयनगर थाना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 1930 में हुई थी,जब यह क्षेत्र तत्कालीन रियासत व्यवस्था के अधीन था,यह थाना ग्राम कुंजनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित है,जो सूरजपुर जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है,यह थाना 820 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल और 28 गांवों की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहा है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजबनगर चौकी की स्थापना किये जाने की कवायद शुरू होने की बात कही जा रही है,इसके लिए प्रस्ताव भेजे जाने पश्चात क्षेत्रीय परिसीमन प्रक्रिया प्रारंभ होने की भी बात कही जा रही है,जिसमें ग्राम मदनपुर से संजयनगर तक के दर्जन भर गांवों को शामिल किए जाने की संभावना है।इससे जयनगर थाना का पूर्वी हिस्सा अलग होकर एक नया प्रशासनिक ढांचा तैयार करेगा,जो क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियों के अनुरूप होगा। जयनगर थाना क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा पिलखा पहाड़ी से घिरा हुआ है,जिसे राजस्व हल्का पिलखा कहा जाता है, इस पहाड़ी की तलहटी में जिले का फायरिंग रेंज स्थित है,जहां जिले की चांदमारी होती है,यह क्षेत्र रणनीतिक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण है, ज्ञात हो कि सन 1965 में क्षेत्र में कोयला खदानों की शुरुआत हुई, जयनगर और कुम्दा में चार ओपनकास्ट खदानें खुलीं, जिससे बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी,इसके परिणामस्वरूप अपराधों में भी इजाफा हुआ, स्थिति को संभालने के लिए बिश्रामपुर में पुलिस चौकी की स्थापना की गई थी, इसी विकास की कड़ी में रेलवे लाइन का विस्तार हुआ और बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन अस्तित्व में आया था,जयनगर थाना क्षेत्र के अन्य प्रमुख संस्थानों में ग्राम कमलपुर में रेलवे स्टेशन,ग्राम सिलफिली में रेडियो स्टेशन और कनकपुर में 10 वीं बटालियन का मुख्यालय शामिल है, इससे यह क्षेत्र न केवल प्रशासनिक बल्कि सुरक्षा और संचार के लिहाज से भी मजबूत आधार बन चुका है, छत्तीसगढ़ शासन ने 15 जुलाई 2017 को जयनगर थाना से नवीन लटोरी चौकी की स्थापना की गई थी, इसके बाद वर्तमान में जयनगर थाना में महज 28 गांव शेष बचे हैं,जयनगर थाना क्षेत्र का विस्तार दो विधानसभा क्षेत्रों में है,जबकि चौकी लटोरी का एक गांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6 प्रतापपुर में आता है।यह तथ्य इसे राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील बनाता है, ऐसी स्थिति में अगर अजबनगर चौकी की स्थापना होती है,तो यह स्थानीय प्रशासन, पुलिसिंग और जनसुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा कदम होगा,इसके जरिए अपराध नियंत्रण में मजबूती आएगी। इस संबंध में सुरजपुर एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि नवीन पुलिस चौकी शुरू करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर की जाती है,ऐसा प्रस्ताव समय समय पर मंगाया जाता रहता है, कुछ स्थानों के लिए प्रस्ताव मंगाया गया है, लेकिन मैं फिलहाल मीटिंग में हूं,इस वजह से यह स्पष्ट नहीं बता पाऊंगा कि किस किस जगह के लिए प्रस्ताव मंगाया गया है।

## गोवर्धनपुर संकुल समन्वयक को पदमुक्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** विकास खंड प्रतापपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर से एक मामला सामने आया है जिसमें संकुल समन्वयक पद पर नियुक्ति को लेकर आपत्ति जताया गया है। साथ ही संकुल केन्द्र से संकुल समन्वयक को पदमुक्त करने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को सचिन वर्मा ने ज्ञापन सौंपा है। सचिन वर्मा ने बताया कि प्राशा गोवर्धनपुर में कुल 64 छात्र छात्राएं अध्ययन रत हैं और वहां केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें से एक शिक्षक चेतमन राम पडवार को संकुल समन्वयक नियुक्त किया गया है और दूसरे प्रधान पाठक विनोद रजक है जिनका गत वर्ष में दुर्घटना हो जाने से पैर टूट गया है। जिस कारण वह अधिकतम मेडिकल अवकाश में रहते हैं और वर्तमान में भी मेडिकल अवकाश में हैं। ऐसे में समन्वयक पद पर नियुक्ति के नियमावली में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां पर एकल या दो शिक्षक पदस्थ हैं वहां से संकुल समन्वयक का नियुक्ति न किया जाए। बावजूद इसके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए इस प्रकार का निर्णय लिया गया है । शिक्षा समिति, पालक तथा ग्रामवासियों ने इस नियुक्ति पर आपत्ति जताया है। आवेदन में मंडल अध्यक्ष राम विकास पटेल, वरिष्ठ नेता मोहर लाल पटेल, शिक्षा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूनमदेव पाण्डेय,उपसरपंच, राहुल वर्मा, संगम कुमार, विश्वजीत पटेल,उदय वर्मा, शिव लाल सिंह, आनंद पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा पालकों ने हस्ताक्षर करते हुए कहा है कि बड़े स्तर पर बैठे अधिकारियों ने अगर इसको संज्ञान में लेकर समन्वयक पद से पडवार को पृथक नहीं किया तो बच्चों के भविष्य पर बहुत बुरा पड़ेगा। साथ ही शासन प्रशासन से पडवार को संकुल समन्वयक पद से मुक्त करने की मांग की है


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## बिजनेस प्लस

### केआर टेक्निकल कॉलेज में जीरो एडमिशन फीस

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज अब अपने काली घाट मंदिर के पास, संजय नगर स्थित नवीन परिसर में संचालित हो रहा है। कॉलेज संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय से संबद्ध है और उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त है साथ ही राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से बी प्लस ग्रेड और बीबीए व बीसीए पाठ्यक्रमों के लिए एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है। कॉलेज न केवल विविध स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययन की सुविधा देता है, बल्कि एक समृद्ध और समर्पित शैक्षणिक वातावरण भी उपलब्ध कराता है। यहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण, विषयानुसार उत्तम लैब तथा दस हजार से अधिक पुस्तकों वाली समृद्ध लाइब्रेरी उपललब्ध है। साथ ही छात्रों की सुविधा हेतु बस और जीप परिवहन सेवा भी प्रारंभ की गई है, जिससे दूरदराज के विद्यार्थी बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए, एमए, एमएससी, एमकॉम एवं एमएसडब्ल्यू जैसे कोर्सों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इस वर्ष कॉलेज ने विद्यार्थियों के हित में जीरो एडमिशन फीस योजना लागू की है, जिसमें प्रवेश पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है साथ ही पहले आए, पहले पाए की नीति अंतर्गत सीमित सीटों पर त्वरित प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित है।




online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation BALCO Medical Centre
PRAKASH HOSPITAL
Vidya DIAGNOSTIC
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब अम्बिकापुर में
शुक्रवार, दिनांक : 08 अगस्त 2025
समय : सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : प्रकाश हॉस्पिटल कोठी घर के पास, जिला अस्पताल रोड, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
समय : दोपहर 1 से 3 बजे तक
स्थान : विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपरस्पेशलिटी सेंटर, पारस हाइट्स, गेहूंबारी, सीएमएचओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिवाकर पाण्डेय
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MS, M.Ch (Surgical Oncology)
Tata Memorial Hospital ,Mumbai
DNB (Surgical Oncology), FACS, FSSO (USA)
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
- स्तन में गाँठ
- मुँह में अल्सर या गले में गाँठ
- मल या मूत्रविसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL